हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 31 अगस्त 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO 7 : MIDDLE RIGHT

एसआरएमएस में बांटे गए प्रमाणपत्र

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट बरेली में सामुदायिक सेवायोजना के नवें बैच को दिये गये निशुल्क तकनीकी प्रशिक्षक के प्रमाण पत्रों का वितरण हुआ। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रतिवर्ष निम्न आय के लोगों को रोजगार सृजन हेतु एक वर्ष का निःशुल्क विभन्न क्षेत्रों में जैसे इलैक्ट्रिक मेन्टिनेंस, मशीन एवं फिटिंग शॉप, कम्प्यूटर, ईपीएबीएक्स, एक्स-रे, नर्सिग सहायक एवं ईसीजी का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे सफल 42 अभ्यार्थियों को बुधवार को प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा मौजूद थे।